卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 11 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦18 अक्टूबर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

**चतुर्थ नवरात्र**




**नवरात्र के चौथे दिन मां दुर्गा के कूष्माण्डा स्वरूप की पजा की जाती है। इनकी आराधना के बिना जप व ध्यान सम्पूर्ण नहीं होते।**

## दिवाली से पहले केन्द्रीय कर्मचारियों को तोहफा, चार प्रतिशत बढ़ा डीए

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)।केंद्रीय कर्मचारियों के लिए बुधवार का दिन बड़ी खुशखबरी लेकर आया। केन्द्र की मोदी सरकार ने दिवाली से पहले ही बड़ा तोहफा देते हुए केंद्रीय कर्मियों के महंगाई भत्ते में 4 फीसदी का इजाफा कर दिया है। इसके बाद इन्हें मिलने वाला डीए अब 42 फीसदी से बढ़कर 46 फीसदी हो गया है। पहले से ही उम्मीद जताई जा रही थी केंद्रीय कर्मचारियों को इस बार भी 4 प्रतिशत डीए हाईक मिल सकता है। सरकार के इस फैसले से देश के करीब 1 करोड़ से अधिक केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनरों को फायदा होगा



और उनकी सैलरी-पेंशन में जोरदार बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। नई दर बीते 1 जुलाई से प्रभावी होगी। अगर किसी कर्मचारी की बेसिक सैलरी 18,000 रुपये है तो अभी 42 प्रतिशत डीए के आधार पर 7,560 रुपये का मासिक भत्ता मिल रहा होगा। इसमें 4प्रतिशत बढ़ोतरी पर डीए की नई दर 46 प्रतिशत हो जाएगी। ऐसे में कर्मचारी का मासिक भत्ता बढ़कर 8,280 रुपये हो जाएगा। मासिक आधार पर भत्ते में 720 रुपये की बढ़ोतरी होगी। डीए पर सरकार की नई मंजूरी 1 जुलाई से प्रभावित होगी। ऐसे में कर्मचारियों की आगामी सैलरी में जुलाई, अगस्त, सितंबर और अक्टूबर यानी कुल 4 महीने का भत्ता जुड़ जाएगा। इस तरह 18000 रुपये बेसिक-पे वाले केंद्रीय (शेष पृष्ठ सात पर)

## युवा पीढ़ी को नशे से दूर करने की जरूरत: रेखा



देहरादून (उद संवाददाता)। प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्य ने बदलाव फाउंडेशन द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। इस दौरान खेल मंत्री ने कहा कि फाउंडेशन द्वारा युवाओं को नशे से दूर करने की यह पहल सराहनीय है। कहा कि अगर जीवन मे किसी लक्ष्य को प्राप्त करना है तो नशे से दूरी बनानी होगी। नशा एक ऐसी चीज है जो हमारे सपनो को तो खत्म करती ही है साथ ही साथ हमे अंदर से खोखला भी बनाती है। खेल मंत्री ने कहा कि आज का युवा अपने मकसद और अपने सपनों से सिर्फ इसलिए भटक रहा है क्योंकि वह नशे की गिरफ्त में जा रहा है। आज (शेष पृष्ठ सात पर)

## बाईस लाख की अफीम सहित तस्कर दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।ड्रग तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में एसटीएफ को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। एसटीएफ ने एक अंतर्राज्यीय ड्रग तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2किलो 30 ग्राम अफीम बरामद की है। बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 22 लाख रुपए आंकी गई है। पकड़ा गया अफीम तस्कर लम्बे समय से एसटीएफ की रडार पर था। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि एसटीएफ टीम ने थाना कालागढ़ क्षेत्रांतर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल से अंतरराज्यीय ड्रग्स तस्कर मलकीत सिंह



पुत्र रंगा सिंह निवासी भोगपुर थाना वढापुर तहसील नगीना जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 2 किलो 30 ग्राम अवैध अफीम बरामद की। गिरफ्तार अभियुक्त पिछले कई सालों से उत्तराखंड में अफीम की सप्लाई कर रहा था। पूछताछ में उसने बताया कि यह अफीम वह बरेली उत्तर प्रदेश से लेकर आ आया था। ए.एन. टी.एफ. द्वारा गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध थाना कालागढ़ , जनपद पौड़ी गढ़वाल में एनडीपीएस की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया है। बरामद अफीम की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 22 लाख रूपये आंकी (शेष पृष्ठ सात पर)

## व्यापारी के घर से चोरों ने जेवर और नगदी समेत लाखों का माल उड़ाया



नानकमत्ता( उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों ने व्यापारी के घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखे लाखों के जेवर और नगदी पर हाथ साफ कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार दहला रोड निवासी मुकेश रस्तोगी पुत्र शांति स्वरूप रस्तोगी पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपकर बताया कि देर रात राइस मिल में काम कर रामलीला देखने गई अपनी पत्नी को लेकर वापिस घर पहुंचा तो घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर कमरे में रखी अलमारी का लॉक तोड़कर अलमारी में रखे चांदी की चार जोड़ी पायल,चार सोने की अंगूठियां, एक जोड़ी सोने की झाले, पांच पेडल का मंगलसूत्र, एक पेडल का मंगलसूत्र, एक कमरबंद, एक स्मार्ट वॉच फोन, एक पावर वैड एम आई, गुल्लक में रखी दो से तीन हजार रुपए की नगदी चोरी कर ले गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने भी घटनास्थल पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली। इधर पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई है। कस्बा इंचार्ज लक्ष्मण जोशी ने बताया है कि पीड़ित की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है।

## जयंती और पुण्य तिथि पर पं. एनडी तिवारी को किया नमन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पूर्व मुख्यमंत्री पंडित नारायण दत्त तिवारी की जयंती एवं पुण्यतिथि पर हल्द्वानी के स्वराज आश्रम कार्यालय में महानगर और जिला कांग्रेस ने पंडित तिवारी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। विधायक सुमित हृदयेश ने इस मौके पर कहा पंडित नारायण तिवारी का कद देश की राजनीति में बहुत



बड़ा रहा है, उन्होंने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के विकास के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। केंद्र में मंत्री हो या दोनों राज्यों में मुख्यमंत्री के रूप में तिवारी की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका रही है, उत्तराखंड के अंदर सिडकुल की स्थापना हो, पहाड़ों पर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचना हो, राज्य के अंदर मंडी की (शेष पृष्ठ सात पर)

## शराब पीकर कालेज आना प्रोफेसर को पड़ा भारी

हल्द्वानी( उद संवाददाता)। कालेज में बार-बार शराब पीकर आना कामर्स विभाग के एक प्रोफेसर को महंगा पड़ गया। मेडिकल जांच में शराब की पुष्टि होने के बाद प्राचार्य के पत्र पर निदेशक ने प्रोफेसर को बेरीनाग डिग्री कालेज में अटैच कर दिया। प्राचार्य डा. एनएस बनकोटी ने बताया कि मंगलवार को कामर्स विभाग के एक प्रोफेसर शराब पीकर कालेज पहुंच गए। कालेज में वह गलत हरकतें करने लगे। इससे छात्र-छात्राएं असहज महसूस करने लगे। वह पूर्व में कई बार ऐसा कर चुके हैं। इसके लिए उन्हें तीन बार नोटिस भीदिया जा चुका है। चेतावनी के बावजूद जब वह सुबह शराब पीकर आए तो शिक्षकों के साथ उन्हें बेस अस्पताल भेजकर मेडिकल कराया गया। जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई। जिसके बाद प्रोफेसर के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए विभागीय आदेश बनाकर उच्च शिक्षा निदेशक को भेजा गया। जिसमें उन्होंने प्रोफेसर को कालेज की व्यवस्थाओं के लिए खतरा बताते हुए उन्हें अन्य जगह संबद्ध करने का अनुरोध किया। प्राचार्य के पत्र पर निदेशक डा. सीडी सुंठा ने उन्हें बेरीनाग डिग्री कालेज में संबद्ध कर दिया।

## जल संस्थान के खिलाफ खाली बर्तनों के साथ प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।राजपुरा आर्मी कैंट के पास टुयबेल दो महीने में दो बार खराब होने से लोगों जलसंस्थान के खिलाफ रोष है। स्थानीय महिलाओं ने सामाजिक कार्यकर्ता यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू की अगुवाई में कुष्ठ आश्रम के पास खाली बर्तनों के साथ विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुऐ प्रदर्शन किया। इस मौके पर सामाजिक



कार्यकर्ता हेमन्त साहू व प्रीती आर्या ने कहा कि विभाग की लापरवाही के कारण नवरात्रि के व्रतों में महिलाओं बच्चों को पानी के लिए दर दर (शेष पृष्ठ सात पर)

## शादीशुदा व्यक्ति ने धोखा देकर रचाई दूसरी शादी

**दूसरी पत्नी ने पति सहित बिचौलिये और ससुरालियों के खिलाफ लिखाई रपट**

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। पहले से शादीशुदा एक शख्स से ने धोखा देकर दूसरा विवाह रचा लिया। यही नहीं दूसरी शादी करने के बाद पति और उसके परिवार वालों ने निवविाहिता का उत्पीड़न शुरू कर दिया। विवाहिता ने पति और ससुरालियों के साथ ही शादी कराने वाले बिचौलिये के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तरहरीर में सामिया लेक सिटी निवासी जसमीत कौर पुत्री सुखविंदर सिंह ने बताया जनवरी 2022 में उसका विवाह कौशलगंज दरियाफज्ञर्म बिलासपुर निवासी सरबजीत सिंह भुल्लर के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करने लगे।जिस पर उसने महिला डेस्क में गुहार लगायी। महिला डेस्क ने पति को बुलाकर समझौता करा दिया और समझौते के आधार पर मुझे किराये के कमरे में रखा गया। वहां पर पति ने उसे कोई खर्चा नहीं दिया उलटा उसे प्रताड़ित करने लगे। जिससे उसकी तबियत खराब हो गयी लेकिन उसका ईलाज भी नहीं कराया गया। खाना खर्चा नहीं मिलने पर मजबूर होकर वह मायके में रहने लगी। विवाहिता का आरोप है कि उसका पति पहले से शादी शुदा है उसकी एक बच्ची भी है पति और बिचौलिये ने उसके जीवन से खिलवाड़ किया है। उसकी शादी के लिए रिश्ता बक्शीश सिंह निवासी सामिया लेक सिटी ने कराया था। शादी से पहले यह बात छुपाई गयी कि सरबजीत शादी शुदा है और भी कई तथ्य छिपाये गये थे। विवाह के बाद जब सरबजीत के बारे में सच्चाई पता लगने पर उसने इसको लेकर पति से पूछा तो पति के साथ ही सास और ननद उसे प्रताड़ित करेन लगे। विवाहिता ने पति और ससुरालियों के साथ ही धोखा देकर शादी कराने वाले बिचौलिये के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की गुहार लगायी है। विवाहिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दबंगों ने रंजिशन पिता पुत्र पर किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रंजिशन कुछ दबंगों ने दुकान बंद करके घर लौट रहे पिता पुत्र पर हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि हमलावर पूर्व में उसने पैसे की मांग कर रहे थे पैसे नहीं देने पर रंजिश रखने लगे और इसी रंजिश के चलते उन पर हमला किया गया है। पुलिस को दी तहरीर में वार्ड नं 32 गणेश कालोनी, भूरारानी सजन साहनी पुत्र कपिल साहनी ने वह भूरारानी में ही अपनी दुकान लगाकर परिवार का भरण-पोषण करता है। उसके पडौस में रहने वाला संजीत साहनी दबंग किस्म का व्यक्ति है दो तीन माह पूर्व संजीत साहनी ने अपनी दबंगई दिखाते हुए पैसे की मांग की, जब पैसे देने से मना कर दिया तो उक्त संजीत साहनी एवं (शेष पृष्ठ सात पर)

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

# जब कोई नहीं आता हनुमान आते हैं

## चोला श्रृंगार, विशाल भंडारा एवं भव्य दरबार आयोजित

दिनेशपुर( उद संवाददाता)।श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेंद्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी मंदिर दिनेशपुर में श्री बालाजी महाराज, श्री भैरव जी एवं श्री प्रेतराज सरकार जी को चोला श्रृंगार किया गया। भव्य दरबार सजाया गया एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने श्री बालाजी महाराज के चरणो में अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल जी का भक्तो द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। उसके पश्चात महंत जी ने छोड़ सारी दुनिया मैं आया तेरे द्वारे आदि भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। उसके पश्चात महन्त जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ सभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। वही भजनों की श्रृंखला में शिव कुमार ने बोलो श्री राम जय राम जय जय राम, बिट्टू अरोरा ने जब कोई नहीं आता हनुमान आते है, हरिचरण सिंह ने जो प्रेम से बोलेगा बाबा के जयकारे, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना, अजय जायसवाल ने अंजनी का लाल रे भक्तों का रखवाला रे, विशाल मदान ने फरियाद मेरी बाबा सुनते ही चले आना, गोविंद ग्रोवर ने बाबा ने बुलाया है दरबार हमे जाना है, सुनील कुमार ने बड़े अरमान ले बाबा तेरे दरबार आया हूँ, दीपु सैनी ने जो भी आया तेरे द्वार, राजपाल ने दुनिया में देव हजारो है बजरंग बली का क्या कहना, वैभव गगनेजा ने रखवाला प्रतिपाला मेरा लाल लंगोट वाला, नितिन रस्तोगी ने चोला चमके बाबा का चोला चमके, कृष्ण छाबड़ा ने बाबा सबकी सुनती है सुनेंगे मेरी भी, सुरेश मित्तल ने साँस देना प्रभु इतनी तो कम से कम भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर बलदेव डाबर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, खैरात कुमार, शिव कुमार, अरविंद गर्ग, नवीन गोयल, राकेश अग्रवाल, भारत गोयल, सुनील कुमार, लवी अरोरा, हरिचरण सिंह, पवन खेड़ा, बिट्टु अरोरा, सौरभ अग्रवाल, विशाल मदान, सन्नी नारंग, हरीश कुमार, धर्मवीर चौधरी, मेघराज, अजय जायसवाल, पवन कुमार, वैभव गगनेजा, कृष्ण छाबड़ा, नितिन रस्तोगी, सुरेश मित्तल, केसर पाहवा, सुभाष गोयल, ललित गोयल, सुमित बब्बर, अंश अरोरा, भारत शर्मा, केवल पाठक, अनटू रस्तोगी, रवींद्र चौहान, डी के ांतहमजप, एवं गौरव अग्रवाल आदि सैंकड़ों भक्त मौजूद थे।





# सिक्स सिग्मा के छात्र का 2.9 लाख के पैकेज पर राया प्लेसमेंट

रूद्रपुर ( उद संवाददाता )।सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस द्वारा छात्रों का प्लेसमेंट कराया गया। प्लेस्मेंट प्रक्रिया का आयोजन सिक्स सिग्मा के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट हेड रजत धवन की देख रेख में हुई। प्रक्रिया को कम्पनी के एच. आर. हेड विकास सिंह द्वारा किया गया, सर्वप्रथम प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को कम्पनी से जुड़ी अहम जानकारी दी एवं उसके स्त्रोत पर्यावरण, कम्पनी के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी । प्रक्रिया में लगभग 20 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमे से 2 प्रतिभागियों का चयन हुआ। छात्र व छात्राओं ने संस्थान की प्रबंधन समिति, प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट तथा ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर रजत धवन को अपना धन्यवाद प्रकट किया । संस्थान के चेयरमैन राजेश डाबर, को- चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा जी, प्रबंध निदेशिका डॉ सीमा अरोरा, मैनज्मेंट टीम मेम्बर वंश डाबर,कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ विजय सिंह, व सीएओ अनुभव बाठला, लेक्चरर सुश्री शिल्पा ने छात्रों को शुभकामनाएं प्रदान की । कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट ने चयनके उपरांत सभी छात्रों को प्रेरित किया।



# गेस्ट लेक्चर में दी रेगुलेटरी अफेयर्स की जानकारी

रूद्रपुर ( उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस ( कॉलेज ऑफ फार्मेसी) द्वारा गेस्ट लेक्चर का आयोजन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन की देख रेख में किया गया। गेस्ट लेक्चर के मुख्य अतिथि वासु बत्रा थे जो कि रेगुलेटरी अफेयर्स स्पेशलिस्ट है। गेस्ट लेक्चर में उन्होंने रेगुलेटरी अफेयर्स के विषय में बताया। उन्होंने कॉस्मेटिक और मेडिकल डिवाइसेज के लाइसेंस के बारे में जानकारी दी। साथ कुछ फार्मास्यूटिकल प्रोडक्ट्स, जैसे मेडिकल डिवाइसेज, डायग्नोस्टिक किट के इंडिया में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के बारे में बताया और इंडस्ट्रीज एवं रेगुलेटरी अथॉरिटीज जैसे नेशनल अथॉरिटी और बोर्ड का रेगुलेटरी के बीच में डॉक्यूमेंटेशन के प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। वासु बत्रा ने फार्मेसी के क्षेत्र में छात्रों को उज्जवल भविष्य एवं आगे आने वाले कठिनाइयों के बारे में जानकारी दी ।गेस्ट लेक्चर में संस्थान के अध्यक्ष राजेश कुमार डाबर, मैनेजिंग डायरेक्टर सी.ए. शिव अरोरा, डायरेक्टर सीमा अरोरा, फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ. विजय सिंह सभी शिक्षक- शिक्षकाओ सहित डेढ़ सौ छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।




# निचले स्तर के कामगारों मिलेगा तीन लाख का लोन

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की कार्यशाला आयोजित

हल्द्वानी ( उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी, कुमाऊँ सभागार हल्द्वानी में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की कार्यशाला का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमे पश्चिम बंगाल की सांसद श्रीमती लाकेट चटर्जी ने अपने विचारों से कार्यशाला में उपस्थित पदाधिकारियों को योजना की जानकारी दी। बताया कि योजना को जनता तक पहुचाने की बूथ स्तर तक अधिक से अधिक लाभार्थी हो। इसी सन्दर्भ में हर विधानसभा से 2 लोगो को जिम्मेदारी दी गयी जो कि बूथ स्तर तक कार्य करेगे और इसी पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने अपने विचार प्रस्तुत किये। चार जिलो से आए हुए सभी कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री के जनकल्याणी विश्वकर्मा योजना से पिछड़े वर्ग को जैसे की बढ़ई, नाई, शिल्पकार, राजमिस्त्री, मोची, दर्जी, टोकरी बनाने वाले, खिलौना बनाने वाले निचले स्तर के कामगारों को सरकार द्वारा 3 लाख रूपये का बैंक से बगैर गारन्टी के कम से कम ब्याज पर काम करने के लिए राशि उपलब्ध होगी। भारतीय जनता पार्टी ओ०बी०सी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश गिरी ने अपने विचार से चम्पावत, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर से आए हुए मोर्चा के कार्यकर्ताओं से जन कल्याण योजनाओं के विषय में पिछड़े वर्ग को लाभ दिलाने का प्रयास करने को कहा। जिसमे भारत सरकार की विश्वकर्मा योजना जन-जन तक पहुचे उस उद्देश्य के साथ कार्यशाला में मुख्यवक्ताओं ने अपने विचार रखे जिसमे अल्मोड़ा लोकसभा की विधानसभाओं से दो-दो पदाधिकारियो ने भाग लिया।इस योजनाओं का लाभ भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता अधिक से अधिक जनता तक पहुचाए। जिसमे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री श्री राजेन्द्र बिष्ट जी, प्रदेश महामंत्री खिलेन्द्र चौधरी, ओ०बी०सी मोर्चा प्रदेश महामंत्री नेत्रपाल मौर्या, जिला महामंत्री रंजन बर्गली, जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, ओ०बी०सी मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र कश्यप, जिला महामंत्री विरेन्द्र जायसवाल, जिला महामन्त्री नन्हे कश्यप, संतोष जायसवाल, राजेश साहु, महेश साहु, नंदन गोस्वामी, दशरथ साहु, श्रीमती रजनी कश्यप, श्रीराम शर्मा, सुशील साहु, कन्हैया जायसवाल, देवेन्द्र बिष्ट, कुलदीप गंगवार, उपेन्द्र कुमार, श्रीमती राशि जैन आदि लोग उपस्थित थे।

# रामलीला के 57वें वर्ष में दिखाए जा रहे मनमोहक दृश्य



गदरपुर (उद संवाददाता)। पुरातन श्री शिव मंदिर रामलीला कमेटी के तत्वधान में चल रही रामलीला ने विगत वर्षों में बड़े बड़े आयाम स्थापित करते हुए अपने 57वें वर्ष में प्रवेश किया है। रामलीला में एक से एक मन्त्रमुग्ध कर देने वाले दृश्य दिखाये जा रहे हैं। विगत लगभग 35 वर्षो तक अध्यक्ष पद पर आसीन रहे एवं वर्तमान में रामलीला कमेटी के संरक्षक जय किशन अरोरा ने क्षेत्र वासियों को पुरातन शिव मंदिर रामलीला कमेटी के तत्वाधान में आयोजित रामलीला में पहुचने का आवाहन किया है। उन्होंने कहा रामलीला के बुधवार को आठवें दिन सूर्पनखा का मुख्य दृश्य दिखाया जाएगा। वहीं रामलीला के क्लब अध्यक्ष मुकेश चावला द्वारा लगभग 24 वर्षो से ताड़का सहित अन्य किरदारों को निभा चुके है।ऐसे ही आज सूर्पनखा के किरदार को भी एक नए तरीके से दिखाया जाएगा। साथ ही एक ऐसी पालकी तैयार की गई है जिसमें सूर्पनखा का आगमन दर्शकों के लिए कौतूहल होगा । उन्होंने आने वाले दिनों में भी रामलीला के बड़े बड़े आयाम स्थापित किये जाने की बात को दोहराते हुए दर्शकों को बढ़ चढ़कर पहुचने का आवाहन किया है।

# कल साधू रावण की भूमिका में नजर आयेंगे राजकुमार ठुकराल



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल कल एक बार फिर रामलीला में अभिनय करते नजर आयेंगे। बता दें पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल पिछले कई वर्षों से रामलीला में अभिनय करते आ रहे हैं। उनके अभिनय को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग रामलीला में पहुंचते हैं। इंदिरा कालोनी में श्री शिवनाटक क्लब द्वारा आयोजित की जा रही रामलीला में इस बार भी पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल कल बृहस्पतिवार को साधू रावण का अभिनय करेंगे।

# बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग (राज्यमंत्री) मजहर नईम नवाब ने मंगलवार को सर्किट हाउस काठगोदाम में जन-जानकारी अभियान कार्यक्रम की समीक्षा बैठक के दौरान बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस तलब करने के साथ ही सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान कुछ अधिकारी विभाग की योजनाओं के बारे मे संतोषजनक जानकारी नही देने पर उन्होंने गम्भीरता से लिया है। उन्होंने कहा ऐसे अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा अधिकारियों को केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी हो तभी हम समाज के अन्तिम छोर के व्यक्ति तक संचालित योजनाओं का लाभ दे सकते हैं। समीक्षा के दौरान श्री नवाब ने कहा कि विभागीय अधिकारियों का आपसी समन्वय न होने से सरकार को करोडों का आर्थिक नुंकसान होता है। उन्होंने कहा कि सडक का निर्माण जब पूर्ण हो जाता है तब सीवर, पेयजल लाईन हेतु दोबारा सडक की खुदाई की जाती है। उन्होंने लोनिवि, जलनिगम, जलसंस्थान, नगर निगम एवं एडीबी के अधिकारियों को निर्देश दिये कि संयुक्त सर्वे कर आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। इस अवसर पर उपाध्यक्ष श्री नवाब द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति विवाह योजना के अन्तर्गत तेजराम, हरीश चन्द्र, मुन्नी देवी, नन्दीदेवी, हरपाल सिंह, तथा नन्दकिशोर को 50-50 हजार की प्रत्येक को विवाह प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई साथ ही अल्संख्यक परिवारों के 43 बच्चों को प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गये। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान उपाध्यक्ष नवाब ने खराब मीटरों की शिकायतों का शीघ्र निस्तारण के साथ ही अधिकांश लोग लगातार विद्युत मीटर खराब कर सरकार को आर्थिक नुकसान पहुचा रहे है उन्होंने ऐसे लोगों की सूची बनाने के साथ ही नियमित चौकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पेयजल निगम द्वारा वनभुलपूरा क्षेत्र में सडकों पर कार्य पूर्ण होने के उपरान्त जो पेचवर्क किया गया है वह गुणवत्तायुक्त नही है उन्होंने पेंचवर्क कार्य को गुणवत्ता कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान रामनगर प्रयोगशाला नर्सरी के अभिलेख 3 दिनों के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश उद्यान अधिकारी को दिये। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होने जिला शिक्षा अधिकारी को बच्चों को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देना सुनिश्चित करें साथ ही जनपद के जीर्णशीर्ण विद्यालयों की सूची भी देने के निर्देश दिये। चिकित्सा विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी को मलिन बस्तियों में चिकित्सा शिविर के साथ ही आयुष्मान कार्ड के शिविर लगाने के निर्देश दिये, साथ ही जेल परिसर में कैदियों के लिए भी चिकित्सा शिविर लगाया जाए। उन्होंने बेस व सुशीला तिवारी चिकित्सालयों में डाक्टरों के ओपीडी में समय से ना पहुचने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सीएमओ को नियमित मानिटरिंग करने के निर्देश दिये। लीड बैंक की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लिए पात्र लाभार्थियों को लोन दिया जाए तथा लाभार्थियों की सूची भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। पुलिस विभाग की समीक्षा के दौरान अल्पसंख्यकों के 13 शिकायतें दर्ज हुई जिनका समाधान किया गया।उपाध्यक्ष श्री नवाब ने कहा कि जनपद के समस्त नगरपालिकों में पंजीकृत स्वयं सहायता समूहों उद्यान विभाग के प्रशिक्षित ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाए ताकि इन स्वयं सहायता समूहों की आर्थिकी मजबूत हो सके। उन्होंने समीक्षा के दौरान अधिकारियों से कहा कि समाज की मुख्यधारा से जोडने व आत्मनिर्भर बनाने लिए मुख्यमंत्री हुनर विकास योजना संचालित की गई है। इस योजना के तहत पात्र बच्चों को व्यवसायिक, तकनीकी कौशल विकास एवं उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना है। इस योजनाओं को अधिकारी अधिक से अधिक आमजनता को सूचनायें प्रदान करें ताकि समाज के अधिक से अधिक अल्पसंख्यक लोग इन योजनाओं का लाभ ले सके।समीक्षा के पश्चात उपाध्यक्ष श्री नवाब द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति व अल्पसंख्यक लोगो से रूबरू होकर समस्याओं का समाधान किया गया। समीक्षा के दौरान सीएमओ डा0 भागीरथी जोशी, एसपी सिटी हरबंश सिंह, मुख्य उद्यान अधिकारी डा0 आरके सिंह, अधिशासी अभियंता लोनिवि अशोक चौधरी,जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल, जिला शिक्षा अधिकारी नागेन्द्र बर्थवाल के साथ ही जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

☞ 100 से 400 गज तक के प्लाट
☞ 100,160, 200 गज विला
☞ खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा धमकी भरे पोस्टर लगाने पर किया प्रदर्शन

गदरपुर(उद संवाददाता)। एकम भारत सनातन दल एवं बजरंग दल के सदस्यों द्वारा जम्मू कश्मीर के आतंकवादियों के विरुद्ध प्रदर्शन करके उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग को लेकर सभी को एकजुट होने का आहवान किया। मुख्य मार्ग पर हाथों में बैनर पोस्टर लेकर प्रदर्शन कर रहे एकम भारत सनातन दल के सदस्यों को संबोधित करते हुए दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आरके महाजन ने कहा कि गत दिनों जम्मू कश्मीर के इलाकों में उर्दू में लिखे हुए धमकी भरे पोस्टर हिंदू एवं सिख परिवारों के घरों के बाहर चिपकाए गए हैं उन्होंने बताया पोस्टर में हिंदू और सिखों को जम्मू कश्मीर खाली करने की चेतावनी की गई है यदि वे अपने घरों को खाली नहीं करते हैं तो उन पर हमले करने की भी धमकियां दी जा रही है डॉ. महाजन ने ऐसे आतंकवादियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है इस मौके पर गोपाल सिंहअमित ढींगरा,हरचरण सिंह,अमरीक सिंह, मुकेश पाल,मदन सैनी, बाबूलाल शर्मा, मुकेश फोगाट, ललित कांडपाल, अर्जुन, अजय रावत, राजीव सैनी,सिमरन, सचिन, डॉ.विनोद सैनी, पवन, अर्जुन रावत, सुनील, विक्रम नागर आदि मौजूद रहे।



# जायडस वेलनेस कंपनी के ठेका कर्मियों ने किया धरना प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सितारगंज सिडकुल स्थित अवैध तरीके से बंद जायडस वेलनेस प्रा. लि.कारखाने के ठेका कर्मचारियों ने श्रम विभाग में पहुंचकर उप श्रमायुक्त से कंपनी खुलवाने या श्रमिकों को मुआवजा दिलाने की मांग की। इस दौरान ट्रेड यूनियन सीटू के जगदेव सिंह ने कहा कि जायडस वेलनेस प्रा. लि. के मालिकान ने अवैध तरीके से फैक्ट्री बंद कर दी। जिससे 1200 वर्कर्स का रोजगार छिन गया। स्थाई 150 कर्मियों को तो मुआवजा दिया गया लेकिन 1055 ठेका कर्मियों को कुछ भी मुआवजा नहीं दिया गया। क्योंकि शासन द्वारा कंपनी की बंदी को अवैध करार दिया जा चुका है इसलिए सभी श्रमिकों को मुआवजा पाने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि शासनख्रप्रशासन या तो जायडस वैलनेस प्रा०लि० को फिर से खुलवाए या फिर श्रमिकों का ग्रेच्युटी, बोनस, नकदीकरण, छटनी होने के बाद मिलने वाले मुआवजे का भुगतान किया जाए। इस दौरान ठेका श्रमिकों के संगठन के संयोजक नरेंद्र सिंह ने कहा कि जायडस वैलनस कम्पनी के मालिक द्वारा कम्पनी को अवैध रूप से बन्द कर दिया गया। जिसके लिए न तो कर्मचारियों को नोटिस जारी किये गये और ना ही श्रम विभाग को सूचित किया और कम्पनी का गेट अचानक बन्द कर दिया गया। जिससे समस्त श्रमिक बरोजगारी के कगार पर आ गये है। और तो और संचालकों का सबसे बड़ा अमानवीय कृत्य यह है कि सिडकुल स्थित अन्य उद्योगों को सर्कुलर जारी करके काम पर न रखने को कहा गया है। भाकपा (माले) जिला सचिव ललित मटियाली ने कहा कि भाजपा सरकार के राज में श्रमिकों का अथाह शोषण बढ़ गया है। कंपनी बिना प्रक्रिया के संचालित और बंद हो रही हैं। ऊपर से केंद्र सरकार ने श्रमिकों के हितों के 44 श्रम कानूनों को खत्म करके पूंजीपतियों के पक्ष के 4 श्रम कोड बना दिए हैं। उपश्रमायुक्त ने श्रमिकों के और कंपनी प्रबंधन के प्रतिनिधियों को बुलाकर अपना पक्ष रखने के लिए वार्ताएं रखने को कहा और 31 अक्टूबर को पेश होने के लिए कहा। इस दौरान आनंद मिस्त्री, अनिता अन्ना, प्रद्युमन कुमार, रेशमा अहमद , अनीता देवी खुशबू, ज्योत चन्द, लाल सिंह सुब्रत, मिलन सरकार ,प्रभास मंडल, सूरज सिंह भण्डारी समेत कई श्रमिकगण उपस्थित थे।



# धान खरीद में आ रही दिक्कतों पर डीएम ने जताई कड़ी नाराजगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि वर्तमान में धान क्रय केन्द्रों पर धान खरीद न किये जाने की कतिपय शिकायतें इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं प्रिन्ट मीडिया के माध्यम से प्राप्त हो रही हैं। धान खरीद हेतु बनाये गये ऑनलाईन पोर्टल का भी बीच-बीच में बंद हो जाना संज्ञान में आया है, जिससे धान खरीद प्रक्रिया प्रभावित होने की संभावनायें हो सकती हैं। किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए यह आदेश दिया जाता है कि किसानों द्वारा ऑनलाईन पंजीकरण करने के उपरांत संबंधित उप जिलाधिकारी 24 घंटे के भीतर सत्यापन सुनिश्चित करायेंगे। यदि किसी कारणवश उप जिलाधिकारी /राजस्व विभाग के माध्यम से ऑनलाईन सत्यापन करने में 24 घंटे से अधिक समय लगता है, तो कृषक द्वारा ऑनलाईन पंजीकरण का प्रिन्ट प्रस्तुत किये जाने की स्थिति में धान क्रय केन्द्र पर कोई विलम्ब न करते हुए केन्द्र प्रभारी द्वारा तत्काल धान खरीद सुनिश्चित करायी जाये। ऑनलाईन पंजीकरण में दर्शित मात्रा एवं राजस्व विभाग से प्राप्त सत्यापन आख्या में बाद में कोई भिन्नता पायी जाती है, तो इसकी सूचना क्रय केन्द्र प्रभारी द्वारा तत्काल राजस्व विभाग को दी जायेगी और परीक्षण उपरांत प्रचलित नियमों के तहत प्रकरण में संज्ञान लिया जायेगा। उक्तानुसार आदेश का तत्काल एवं कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
05944-246817

# जब से मां मैं तेरी चौखट पर आ रहा हूं...

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नवरात्र के उपलक्ष्य में श्री दुर्गा मंदिर में आयोजित माता की चौकी के तीसरे दिन चौकी का शुभारम्भ यजमान अभिषेक गुप्ता, ललिका गुप्ता, राम सुमेर यादव, दिव्या यादव आदि ने पूजा अर्चना के साथ किया। इस दौरान पूजा अर्चना पंडित नवीन मिश्रा ने कराई। चौकी में बरेली से आये भजन गायक राम और श्याम ने अपने सुमधुर भजनों से मां भगवती का गुणगान किया। उन्होंने एक बार मां आ जाओ फिर आकर चली जाना.., आ मां आ तुझे दिन ने पुकारा, जब से मां मैं तेरी चाखट पर आ रहा हूं, जिनकी कृपा से चलता है संसार, जो राम को लाये हैं, भोले की बारात चढ़ी गज बज के आदि भजनों से पूरा माहौल भक्तिमय कर दिया। इस देर रात आरती और प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर वेद ठुकराल, अक्षय गाबा, सिल्की गाबा, वृंदा चुघ, शालिनी गुलाटी, सुभाष डोगरा, मनोज मदान, सोनू अनेजा, राजू सिंघल, हरिशंकर अग्रवाल, महेश बब्बर, ओम प्रकाश अरोरा, यश गांधी, हरीश ठुकराल, रेनू अरोरा, गुरुशरण बब्बर, किशन नारंग, देवेंद्र कुकरेती, नीलम गुलाटी, दिनेश गुप्ता, बबीता ठुकराल, कंचन धीर, मंजू बब्बर, अंजली मिश्रा, अनिल ठुकराल, रीतू मुरारी, चांद मदान, कृष्ण मुरारी धीर, पिंकी, प्रीति, प्रदीप, अनुज कक्कड़, मनोरमा, रक्षा अरोरा, तेजस्वी मिश्रा, अनिल अरोरा, नीलम अरोरा, सुमन छावड़ा, राज अरोरा, डा. दिव्या अरोरा, लव मिश्रा, लवप्रीत, पावन गाबा, आशा गाबा, अनिल मल्होत्रा, प्रवीण गुलाटी सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।







# खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए सैंपलिंग के निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में सुरक्षित भोजन एवं स्वस्थ आहार पर जिला स्तरीय सलाहकार समिति की त्रैमासिक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने अभिहित अधिकारी खाद्य संरक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये कि खाद्य पदार्थो की निरंतर सैम्पलिंग कराकर लैब में जांच कराये। उन्होने कहा कि यदि जांच में किसी प्रकार की मिलावट या अन्य किसी प्रकार गड़बड़ी प्रकाश में आती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करें। उन्होने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये कि व्यापार मण्डल, स्वास्थ्य विभाग, औद्योगिक संस्थान के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर लोगों को जागरूक भी करें। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि मिड डे मिल व आंगनबाड़ी केन्द्रों में दिये जाने वाले खाद्य पदार्थो की भी अपने स्तर से सैंपलिंग कर लैब से जांच कराये ताकि बच्चों को उचित क्वालिटी का खाद्य पदार्थ मिल सकें। उन्होने अभिहित अधिकारी को निर्देश दिये कि शराब के दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा विभाग से लाइसेंस प्राप्त करने हेतु जिला आबकारी अधिकारी को मेरी ओर से पत्र प्रेषित करें। उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि जांच रिपोर्ट की एक सीएमओ को उपलब्ध कराने हेतु कार्यवाही करें। उन्होने कहा कि खाद्य जनित बीमारियों को रोकने के लिये निरंतर चौकिंग अभियान चलाये। जिलाधिकारी ने अभिहित अधिकारी को निर्देश दिये कि जनपद में कार्यालय के निर्माण किये जाने हेतु शासन व फूड कमीशनर को मेरी ओर से पत्र प्रेषित करें। बैठक में अभिहित अधिकारी खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ0 जगदीश चन्द्र फुलारा, एसीएमओ डॉ0 हरेन्द्र मलिक, जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अर्पणा शाह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्य, पवन कुमार आदि उपस्थित थे।



# युवक की हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। युवक की निर्मम हत्या करने पर तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मीना देउपा ने हत्यारे को आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी ।सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता लक्ष्मी नारायण पटवा ने बताया कि खटीमा थाना क्षेत्र के नोगवॉ ठगगू निवासी दयाकिशन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका 18 वर्षीय पुत्र दीपक गुप्ता अपने भाई मोहित गुप्ता के साथ 13 जनवरी 2019 को शाम करीब 6 बजे घर के पास गुलड़ के पेड़ के पास खडा था कि तभी पड़ोस में रहने वाला सोमपाल पुत्र नत्थू सिंह रास्ते को लेकर गालियाँ बकने लगा उसके हाथ में चाकू भी था। जब मोहित ने गालियाँ देने से रोका तो वह मारपीट पर उतारू हो गया,जब उसके छोटे पुत्र दीपक गुप्ता ने बीच बचाव किया तो सोमपाल ने उसपर चाकू से हमला कर दिया,उसे गम्भीर हालत में खटीमा के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से नाजुक हालत देख रैफर कर दिया गया रास्ते में सितारगंज के पास उसकी मौत हो गई, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।पुलिस ने आरोपी सोमपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।उसके विरुद्ध तृतीयअपरजिला एवं सत्र न्यायाधीश मीना देउपा की कोर्ट में मुकदमा चला जिसमें एडीजीसी लक्ष्मीनारायण पटवा ने 12 गवाह पेश कर हत्या का आरोप सिद्ध कर दिया जिसके बाद मंगलवार को एडीजे मीना देउपा ने सोमपाल सिंह को हतयारा घोषित करते हुए उसे धारा 302 आईपीसी के तहत आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी साथ ही कहा कि जुर्माने की धनराशि में से 40 हजार रुपये मृतक दीपक गुप्ता के परिजनों को बतौर प्रतिकर अदा किया जायेगा ।

# राम वनवास की पीड़ा से तड़प उठे राजा दशरथ









## श्री रामलीला मंचन का शुभारंभ लालजी गोपीनाथ इंडस्ट्री एवं श्यामा श्याम टाउनशिप के स्वामी ललित खेड़ा नें किया,राम केवट संवाद, दशरथ मरण तक की लीला का हुआ भावपूर्ण मंचन



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर की प्रमुख बस अड्डे वाली रामलीला में मंगलवार शाम राम का वनवासी वस्त्रो में माता पिता से आज्ञा लेना, प्रजा का राम के पीछे-पीछे जाना, प्रजा के रात्रि में सोते समय राम का चले जाना, सुमंत की वापसी, राम की भील राजा गुह से भेंट, राम केवट संवाद, दशरथ मरण तक की लीला का भावपूर्ण व सुंदर मंचन हुआ। आज दीप प्रज्जवलन लालजी गोपीनाथ इंडस्ट्री, बाली आटो, श्यामा श्याम गार्डन, श्यामा श्याम टाउनशिप के स्वामी ललित खेड़ा नें किया। श्रीरामलीला कमेटी नें सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर, शाल ओढ़ाकर एवं श्री गणेश जी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। प्रथम दृश्य में राम अपने राजसी वस्त्रों को त्याग कर वनवासी वस्त्रों में राजा दशरथ के पास आते है। राजा दशरथ उन्हें रोकते हैं, लेकिन अपने वचनों पर अटल राम वनों को चले जाते है। राम को वनों में जाते देख समस्त प्रजा भी उनके पीछे हो लेती है। राजा दशरथ के मंत्री सुमंत्र बिना राम लखन के अयोध्या चल पड़ते है और राम वनो की तरफ बढ़ चलें हैं। राम जंगल में प्रवेश करते है, तो उनकी भेंट भील राजा गुह से होती है। इसके बाद गंगा पार करते समय उनकी मुलाकात केवट मल्लाह से होती है। केवट रामजी के चरण धोनें के बाद उन्हें अपनी नाव में बैठाकर गंगा पार करवाता है। गंगा पार करनें के बाद राम केवट को एक अंगूठी देते है, तो केवट बहुत प्रेमपूर्वक स्वीकार करने से मना कर देते हैं। इधर मंत्री सुमंत्र के अयोध्या में पहुंचते ही राजा दशरथ ने सुमंत्र को हृदय से लगा लिया। मानो डूबते हुए आदमी को कुछ सहारा मिल गया हो। मंत्री को स्नेह के साथ पास बैठाकर नेत्रों में जल भरकर राजा पूछने लगे, हे मेरे प्रेमी सखा सुमंत्र ! श्री राम की कुशल कहो । बताओ, श्री राम, लक्ष्मण और जानकी कहाँ हैं? उन्हें लौटा लाए हो कि वे वन को चले गए? यह सुनते ही मंत्री सुमंत्र के नेत्रों में जल भर आया । शोक से व्याकुल होकर राजा फिर पूछने लगे- सीता, राम और लक्ष्मण का संदेसा तो कहो । श्री रामचन्द्रजी के रूप, गुण, शील और स्वभाव को याद कर- करके राजा अपनी पत्नी कौशल्या से भारी हृदय से कहते हैं मैंने उन्हें राजा होने की बात सुनाकर वनवास दे दिया, यह सुनकर भी जिस (राम) के मन में हर्ष और विषाद नहीं हुआ, ऐसे पुत्र के बिछुड़ने पर भी मेरे प्राण नहीं गए, तब मेरे समान बड़ा पापी कौन होगा ? आखरी समय में राजा दशरथ श्रवण कुमार के मां-बाप की श्राप के अनुसार अपने आंखों की रोशनी खोकर अंधे हो जाते हैं और चार-चार पुत्रों के होने के बावजूद अंतिम समय में पुत्र वियोग में तड़प तड़प कर दम तोड़ देते हैं। लीला में राजा दशरथ- प्रेम खुराना, राम- मनोज अरोरा, लक्ष्मण- गौरव जग्गा, सीताजी- दीपक अग्रवाल, गणेश भगवान- आशीष ग्रोवर आशु, केवट मल्लाह- अनिल तनेजा, सुमन्त- सचिन आनन्द, राजा गुह- रोहित नागपाल, कौषल्या- नरेश छाबड़ा, सुमित्रा का किरदार हर्ष अरोरा नें निभाया। इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के इस अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, अमित गंभीर सीए, समन्वयक नरेष षर्मा, विजय जग्गा, राकेश सुखीजा, अमित अरोरा बोबी, राजेष छाबड़ा, कर्मचन्द राजदेव, सुभाश खंडेलवाल, केवल कृश्ण बत्रा, हरीश अरोरा, महावीर आजाद, अमित चावला आषीश मिड्ढा, विजय विरमानी, मनोज गाबा, रघुवीर अरोरा, सुशील गाबा, चन्द्र सचदेवा, संदीप धीर, मोहन लाल भुड्डी, प्रेम खुराना, संजीव आनन्द, गौरव तनेजा, आषीश ग्रोवर आषू, हरीष सुखीजा, मनोज मुंजाल, विषाल भुड्डी, राम कृश्ण कन्नौजिया, अनिल तनेजा, रमन अरोरा, कुक्कू षर्मा, गौरव राज बेहड़, सौरभ राज बेहड़, राजकुमार कक्कड़, सचिन मुंजाल, सुभाश तनेजा, मनोज अरोरा, गौरव जग्गा, पुलकित बांबा, सचिन आनन्द, सुमित आनन्द, वैभव भुड्डी, दीपक अग्रवाल, अनमोल मिड्ढा, रोहित नागपाल, अमन गुम्बर, रोहित खुराना, गोगी, सन्नी आहूजा अमित वर्मा, कपिष सुखीजा, राजन राठौर, बिट्टू ग्रोवर, सनी आहूजा, सनी कोहली, लवी ग्रोवर, नोनी ग्रोवर, षिवांष कोहली, षौर्य अरोरा, आयुश धमीजा, नीतिष धीर, मोहन अरोरा, हर्श अरोरा, रोनिक मुंजाल, गर्वित मुंजाल, केतन बांगा, कुंदन, सिद्धान्त ग्रोवर, सन्नी सुखीजा, जतिन सुखीजा, चिराग तनेजा, अभय भुड्डी, पुरूराज बेहड़, आषमन अरोरा, अभि चुघ, तन्मय आनन्द, आयुश्मान सुषील गाबा, बलवंत अरोरा, रवि अरोरा, चिराग कालड़ा, रोहित जग्गा, सचिन तनेजा, दिव्यांष गोयल, कनव गंभीर, महेष गर्ग, संजीव कामरा, राजकुमार नारंग, आयुश्मान सुषील गाबा आदि उपस्थित थे।

# दुबई रोड शो में करोड़ों के निवेश का करार

## उत्तराखंड में निवेशकों को सभी प्रकार की सुविधाएं और सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार : धामी

दुबई/देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 के लिए दुबई रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विभिन्न उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और उन्हें आगामी 8 एवं 9 दिसम्बर को देहरादून में आयोजित होने वाले समिट हेतु निमंत्रण भी दिया। उत्तराखंड डीआईपीआर के अनुसार उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए मुख्यमंत्री की उपस्थिति में दुबई में अभी तक विभिन्न उद्योग समूहों के साथ करोड़ों के इन्वेस्टमेंट एमओयूसाइन किए जा चुके हैं जबकि कई अन्य उद्योग समूहों के साथ बैठक जारी है। दुबई में अब तक सर बायेटेक एवं हयात इंडिया के साथ 2 हजार करोड़, कार्मिला न्यूट्रीशन टेक्नोलॉजी ग्रुप के साथ 950 करोड़, जीटीसी ग्रुप के साथ 800 करोड़, फ्लो कॉग्लोमिरेट समूह के साथ 500 करोड़ का एमओयू किया गया। एक्सले ग्रुप के साथ मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर हेतु 700 करोड़, शरफ लॉजिस्टिक के साथ 500 करोड सहित करोड़ों के इन्वेस्टमेंट एमओयूसाइन किए जा चुके हैं। प्रदेश सरकार की ओर से सचिव उद्योग विनय शंकर पांडेय ने एमओयू साइन किए। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड में निवेश अनुकूल सिस्टम विकसित किया गया है। राज्य में इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बहुत काम हुआ है। सीएमने कहा कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच द्विपक्षीय संबंध पहले से और अधिक मजबूत हुए हैं। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 20 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार निवेशकों को राज्य में सभी प्राथमिक आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु सदैव तत्पर है और विशेष रूप से गत दो वर्षों में राज्य में निवेश आकर्षित करने की दिशा में सुनियोजित प्रयास किये गए हैं। इसी कड़ी में उत्तराखण्ड ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, सचिव शैलेश बगोली, महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा समेते अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे। वहीं अब तक मुख्यमंत्री विदेशों से करोड़ों रूपये के एमओयू पर करार करा चुके हैं। दुबई से लगभग 11 करोड़ से ऊपर के निवेश का करार हो चुका है।







श्री शिव नाटक क्लब द्वारा इंदिरा कालोनी में आयोजित श्री रामलीला में बतौर मुख्य अतिथि पधारे गुरू मां इंटरप्राईजेज के एमडी रमेश धींगढ़ा एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी हरविंदर सिंह हर्जी को सम्मानित करते पदाधिकारी।

# केवट ने कराया गंगा पार ,राम के वियोग में दशरथ ने त्यागे प्राण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री शिव नाटक क्लब द्वारा आयोजित प्रभु श्री राम जी की लीला के मंचन के सातवें दिन शुभारंभ पूर्व पालिका अध्यक्षा मीना शर्मा, अनिल शर्मा, जगदीश टंडन एवं उद्योगपति राजू गावा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। रामलीला के मंचन में केवट द्वारा भव सागर से पार करने का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रभु श्री राम, सीता एवं लक्ष्मण को गंगा के पार किया गया, उपरांत दशरथ ने राम के वियोग में अपने प्राण त्याग दिए, भरत की अयोध्या में वापसी हुई , कैकई और भरत का संवाद हुआ जिसमे भरत ने अपनी माता कैकई का त्याग किया , अंत में चित्रकूट में बहुत ही सुंदर राम भरत मिलाप हुआ और दोनों भाइयों का प्रेम एवम त्याग देखकर रामलीला मंचन देख रहे प्रत्येक दर्शक की आंखें नम हो गई। विशेष भूमिकाओं में केवट सागर अरोरा, राम गौरव अरोरा,लक्ष्मण रवि कक्कड़, कौशल्या आदित्य कुमार,सुमित्रा कृष गावड़ी ,सीता केशव शर्मा, दशरथ नरेश घई,सुमंत विशाल गुंबर,कैकई गौरव गांधी,भरत सन्नी घई, शत्रुघ्न विशांत भसीन, नाना पुष्कर,मामा पंकज कालरा ने बहुत ही सुंदर अभिनय से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। मंच संचालन जौली कक्कड़ ने किया।श्री शिव नाटक क्लब द्वारा सभी अतिथियों का पटका ओढ़ाकर एवं बैच लगाकर सम्मानित किया गया एवं सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री शिव नाटक के सरपरस्त राजकुमार परुथी,सूरज प्रकाश सुखीजा , नरेश शर्मा, रमेश गुलाटी, अध्यक्ष जगदीश सुखीजा, महासचिव राजकुमार भुसरी, कोषाध्यक्ष बबलू घई, निर्देशक जीतू गुलाटी,उपाध्यक्ष बिट्टू अरोरा, अवतार सिंह खुराना, सचिव भारत हुड़िया, विजय परुथी, प्रचार मंत्री जगमोहन अरोरा,सन्नी अरोरा, अक्षित छाबड़ा, अमर परुथी,राजीव भसीन, अरुण अरोरा, राजदीप बठला,मनोज बठला ,बंटी मुंजाल, प्रवीण बत्रा, प्रवीण ठुकराल, मनीष अग्रवाल ,राजीव झाम, राहुल अरोरा, नैतिक तनेजा, अनमोल घई,चेतन खनिजो, पुष्कर नागपाल, राकेश तनेजा,अनमोल अरोरा,चिराग जुनेजा, हरीश जुनेजा आदि उपस्थित थे।













# नैया पार और दशरथ मरण की लीला का मंचन

गदरपुर (उद संवाददाता)। अनाज मंडी गदरपुर में चल रही श्री राम जी की लीला में मंगलवार रात्रि नैया पार, दशरथ मरण, भरत की ननिहाल से वापसी , भरत कैकई संवाद जैसे दृश्यों का मंचन किया गया। केवट की भूमिका में राज कुमार भुड्डी जी ने बड़े ही सुन्दर भजन (मेरे सिर पर रख दो बाबा अपने ये दोनो हाथ, देना हो तो दीजिए जन्म जन्म का साथ) गाकर दृश्य को और भी आकर्षक बनाया। दशरथ की भूमिका में श्री राम नाट्य कला परिषद के अध्यक्ष अशोक सुधा ने दशरथ मरण दृश्य को बहुत ही मार्मिक बनाया एवं ना ही केवल खुद के अपितु दर्शकों को भी नैनो से अश्रु बहाने पर मजबूर किया। भरत की भूमिका निभा रहे सागर कालरा एवम शत्रुघ्न की भूमिका में युवराज कुमार ने बड़ी ही सुंदरता से दृश्य में चार चांद लगाए। इस मौके पर पधारे विधायक अरविंद पांडेय एवं उनकी पूरी टीम ने तालियां बजाकर कलाकारों को सराहा। तत्पश्चात श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र बजाज ने विधायक अरविंद पांडेय को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया उनके साथ मौजूद पंकज सेतिया, चंकित हुडिया, अभिषेक गुंबर एवं भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं को भी सम्मान दिया गया। श्री राम जी की लीला देखने पहुंचे हजारों दर्शकों का अध्यक्ष रवींद्र बजाज, महामंत्री अशोक धीर, कोषाध्यक्ष कृष्ण अनेजा ने हार्दिक स्वागत एवम अभिनंदन किया। इस मौके पर मोजूद श्री रामलीला कमेटी के तमाम कार्यकर्ता एवम श्री राम नाट्य कला परिषद के पदाधिकारी एवम कलाकारों ने उपस्थित रहकर प्रभु श्री राम जी की लीला देखी।



# हरिपुरा न.4 को जोड़ने वाले मार्ग का किया शिलान्यास

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने 2 किलोमीटर लंबे राज्ययोजना से स्वीकृत गदपुर दिनेशपुर मार्ग से हरिपुरा न 4 को जोड़ने वाले डाबरीकरण मार्ग के निर्माण का फीता काटकर शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा पिछले काफी समय से लगातार क्षेत्र में विकास कार्य तेज गति से हो रहे हैं और कई बड़े मार्गो के निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो गये हैं वही इस 2 किलोमीटर लंबे महत्वपूर्ण मार्ग के निर्माण से इससे लगने वाली बहुत बड़ी आबादी को इसका लाभ मिलेगा साथ ही इसके बनते ही आमजन को काफी राहत मिलेगी, उन्होंने कहा हमारा प्रयास है विधानसभा में तेज गति से कार्य हो और लगातार रुद्रपुर विधानसभा में कार्य गतिमान है। वही इस दौरान ग्रामीणवासियो द्वारा विधायक शिव अरोरा का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग, मण्डल अध्यक्ष हरीश भट्ट , जगदीश विश्वास, उपकार सिंह, गुरनाम सिंह, सुब्रत बछाड़, इकबाल सिंह, बरीत बजाज, अरुण खुराना, त्रिलोक सिंह, गुरमीत सिंह, उत्तम मण्डल, राजकुमार फुटेला,सतपाल चावला, केवल बजाज, तरुण सिंह, पंकज सरदार, सन्नी गुगलानी, सुभाष शर्मा, राजकुमार खुराना, देव चौधरी, हरनाम सिंह, विनोद सिंह, गगन सिंह, मुकेश वशिष्ठ, करनैल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# सनातन धर्म मन्दिर में विराजेंगे बाबा श्याम

गदरपुर(उद संवाददाता)।नगर के बुधबाजार स्थित श्री सनातन धर्म मन्दिर के अध्यक्ष वेद बजाज की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य रूप से श्री सनातन मन्दिर में बाबा श्याम को विराजमान किये जाने के लिए चर्चा की गई।ज्ञात हो विगत वर्ष श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा बाबा श्याम के स्वरूप को मन्दिर परिसर में विराजित किये जाने की मांग मन्दिर समिति से की थी ।जिस पर मन्दिर समिति की बैठक के पश्चात समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सर्व सहमति से मन्दिर परिसर में खाटू श्याम मन्दिर स्वरूप देते हुए बाबा श्याम के शीश को विराजमान किये जाने पर मोहर लगायी गई।जिसकी सूचना श्याम मित्र मंडल के प्रधान सेवादार विजय अनेजा को दी गई। वही विजय अनेजा द्वारा श्याम मित्र मंडल की और से मन्दिर समिति को साधुवाद करते हुए शुभकामनाएं दी।बैठक के दौरान मंदिर के अध्यक्ष वेदराज बजाज, महामंत्री राजू सिंधी,कोषाध्यक्ष लेखराज भड्डी, श्यामलाल सुखीजा,धर्मचंद खेड़ा, विनोद भुसरी,सुरेंद्र बजाज,राजकुमार भड्डी,लेखराज नागपाल, सोमनाथ छाबड़ा, विजय छाबड़ा,अशोक भड्डी सहित आदि सदस्य उपस्थित थे।।



उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# सरकार की नीतियां और भ्रष्टाचार

अनियमितता से संबंधित मामलों में कार्रवाई आमतौर पर उन्हीं लोगों पर केंद्रित रहती है जो आरोपी होते हैं और माना जाता है कि अवैध गतिविधियों या लेनदेन में उनकी मुख्य भूमिका है। इस संदर्भ में यह एक विडंबना ही रही है कि किसी सरकार के नेताओं की भ्रष्ट गतिविधि का लाभ तो एक पूरे समूह को मिलता है लेकिन जब उसका खुलासा होता है तो आरोपों के कठघरे में एक-दो लोग ही आते हैं। अब दिल्ली में शराब घोटाले की सुनवाई के दौरान सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी और केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआइ ने जो कहा हैए अगर वह कानूनी तौर पर जमीन पर उतरा तो यह इस मसले पर एक बड़े बदलाव का उदाहरण बनेगा। दरअसल दिल्ली आबकारी नीति मामले में पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान सीबीआइ और ईडी ने अदालत को बताया कि इस मुकदमे में आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाने पर विचार किया जा रहा है। आरोपों की प्रकृति के सवाल पर अतिरिक्त महाधिवक्ता ने कहा कि आरोप अलग हो सकते हैं लेकिन अपराध एक ही होगा। जाहिर है अगर भ्रष्टाचार के आरोपों में इस स्तर पर कानूनी कार्यवाही चलती है तो इस संबंध में एक नया आयाम खुलेगा। यह सवाल उठेगा कि अगर किसी राजनीतिक पार्टी में जिम्मेदार पद पर बैठा व्यक्ति किसी अनियमितता में मुख्य आरोपी है लेकिन उसकी गतिविधियों का लाभ पूरी पार्टी को मिलेए तो जिम्मेदारी का दायरा क्या होना चाहिए। इसी कोण से अदालत में उठी बात के बाद ईडी और सीबीआइ की ओर से ताजा रुख जाहिर किया गया। गौरतलब है कि पांच अक्तूबर को हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय से पूछा था कि अगर शराब घोटाले से सीधे आम आदमी पार्टी को फायदा पहुंचाए तो फिर उसे आरोपी क्यों नहीं बनाया गया। अदालत के इस सवाल के बाद अब ईडी और सीबीआइ ने एक तरह से इसी सवाल को कार्रवाई के दायरे में शामिल करने का संकेत दिया है। अब तक आम आदमी पार्टी के दो बड़े नेताओं- मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को आबकारी घोटाले से जुड़े मामलों में ईडी और सीबीआइ ने गिरफ्तार किया है। इस क्रम में अब मामले की आंच समूची पार्टी तक पहुंचती दिख रही है। हालांकि अगर ईडी और सीबीआइ आम आदमी पार्टी को भी कठघरे में खड़ा करने के लिए कानूनी पहल करती हैए तो इससे जुड़े कानून की कसौटी पर यह परखा जा सकता है कि क्या धनशोधन रोकथाम अधिनियम के दायरे में किसी राजनीतिक पार्टी को भी लाया जा सकता है। दरअसलए धनशोधन रोकथाम अधिनियम की धारा-70 को अब तक कंपनियों के जरिए किए जाने वाले अपराधों की स्थिति में लागू होता रहा है। मगर यही कानून अगर राजनीतिक दल को आरोपी बनाने में उपयोग होता हैए तो संभव है कि इसके लिए अलग से कोई और कानूनी रास्ता अख्तियार करना पड़े। कानूनी पेचीदगियों की वजह से यह मसला बहस का केंद्र बनेगा। यह छिपी बात नहीं है कि भ्रष्टाचार या अनियमितता की लाभार्थी कई बार समूची पार्टी होती है लेकिन कार्रवाई के दायरे में एक-दो नेता आते हैं। इस तरह किसी व्यापक दायरे का भ्रष्टाचार व्यक्तिगत मामला बन कर रह जाता है। सवाल है कि ऐसे मामलों में पार्टी की जिम्मेदारी क्या होगी् अगर कानूनी कसौटियों पर किसी राजनीतिक दल को आरोपी बनाने का आधार मजबूत हुआ तो आम आदमी पार्टी को शायद गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़े।

# पीएम नरेंद्र मोदी की कुमाऊं यात्रा में कलाकारों ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराखंड दौरे के दौरान एक खास और नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बना है। वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में इसे जगह मिली है। उत्तराखंड को वर्ल्ड रिकॉर्ड से जुड़ा प्रोविजनल प्रमाणपत्र भी मिल चुका है। पीएम मोदी के कुमाऊं दौरे पर कुमाऊं के छोलिया और झोड़ा लोक नृत्य के ढोल दमाऊं लोक वाद्यों के साथ की गई प्रस्तुति को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में जगह मिली है। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में समुद्र सतह से 5338 फीट (1627 मीटर) की ऊंचाई पर गत गुरुवार को संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित इस अनोखे आयोजन में प्रदेश के तीन हजार लोक कलाकारों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा व लोकगीतों के साथ हिस्सा लिया था। पिथौरागढ़ के सुदूरवर्ती अंचलों से छोलिया एवं झोड़ा नृत्य दल के इन कलाकारों की प्रस्तुति से विश्व का ध्यान राज्य की ऐतिहासिक और समृद्धशाली लोक सांस्कृतिक विरासत की ओर गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी के दौरान छोलिया एवं झोड़ा नृत्य दलों के लोक कलाकार अपने पारंपरिक परिधानों और आभूषणों से सुसज्जित होकर प्रतिभाग करने पहुंचे थे। इस आयोजन के दौरान पारंपरिक लोक वाद्यों जैसे तुन,रणसिंघा लिए कलाकार आकर्षक लग रहे थे। संस्कृति विभाग की निदेशक बीना भट्ट ने बताया कि वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड लंदन का प्रोविजनल प्रमाणपत्र संस्कृति विभाग को प्राप्त हो गया है।

# शक्ति की विजय का महापर्व



एक ही परम तत्व परमपुरुष पराशक्ति के रूप में सर्वत्र व्यापक है। श्रुतियों, शास्त्रकारों ने एक ही चिरंतन शक्ति को कभी पुरुष के रूप में तो कभी देवी के रूप में स्वीकारा है। सब के घट में एक समान विराजमान वह दिव्य शक्ति जो प्रकाश के रूप में हमेशा मौजूद रहती है जिसे 'जीवन शक्ति' कहा जाता है और उसका दर्शन होना ही 'शक्ति' की आराधना है। दुष्टों का संहार करके भक्तों की रक्षा करने हेतु कभी काली तो कभी दुर्गा या फिर राम और कृष्ण के रूप में उस शक्ति का अवतरण इस धरा पर हुआ है। मां अम्बे की पूजा-अर्चना का विधान वेद, पुराण, उपनिषदों हिन्दुओं के अन्य धर्मशास्त्रों में भी मिलता है। वेदों में कहा गया है, ब्रह्म एक था, उसमें इच्छा हुई, एक से अनेक होने की, और इस सृष्टि का निर्माण हुआ लेकिन अनेक होने के बाद भी उसके एकत्व में कोई अंतर नहीं पड़ा। जैसे कोई बीज एक होता है, किंतु समय पाकर एक से अनेक हो जाता है। पहले अंकुर फूटता है। फिर तना, डालियाँ, पत्ते, फूल, फल और अंत में बीज रूप में वह अनेक हो जाता है। हर बीज उस पूर्व बीज के ही समान है। उसमें भी अनेक होने की पूरी सम्भावनाएं हैं। जैसे अंकुर, तना, या डालियाँ, फूल आदि सभी उस बीज में से ही निकले हैं, पर वे बीज नहीं हैं। इसी प्रकार ब्रह्म से ही जड़ जगत, वृक्ष, पशु, पंछी आदि हुए हैं पर वे ब्रह्म के एकत्व का अनुभव नहीं कर सकते। केवल मानव को ही यह सामर्थ्य है कि वह फूल की तरह खिले, फिर उसमें भक्ति व ज्ञान के फल लगें और उसके भीतर ब्रह्म रूपी बीज का निर्माण हो सके। वेद में श्एकोएहं बहुस्याम' और 'अजाय मानों बहुधा ब्यजायत' के रूप में और देवी पुराण में 'सा वाणी साच सावित्री विप्राधिष्ठात' वहां सर्व दुर्गा के रूप में संस्थापित है। मार्कण्डेय पुराण में स्वयं मान जएकैवाहं जगत्यत्र द्वितीया का ममापरा। पश्यैता दुष्ट मय्येव विशन्त्यो मद्विभूतय: अर्थात मैं ही दुर्गा हूँ,सर्व शक्ति स्वरूपा हूँ और मुझमें ही पूरी सृष्टि विलीन है। आशय यह है कि यह विशाल सृष्टि उत्पन्न होती है, बढ़ती है, विभिन्न रूपों में परिवर्तित होती है और अंत में विनिष्ट हो जाती है। देवी पुराण में एक बड़े रोचक कथा प्रसंग की चर्चा की गयी है। अक्सर भ्रम में पड़ जाने वाले देवर्षि नारद को एक बार भ्रम हो गया। ब्रह्मा,विष्णु और महेश तीनों सर्वश्रेष्ठ हैं तो भला ये तीनों किस महाशक्ति का स्मरण करते हैं ? नारद जी अपने सन्देश निवारण हेतु शिव के पास गए और बोले श्मुझे ब्रह्मा,विष्णु और महेश से बढ़कर कोई अन्य देवता नहीं दिखाई देता है फिर आप तीनों से ऊंचा कौन है जिसकी उपासना और स्मरण आप करते हैं ? शिव मुस्कुराये और बोले 'हे ऋषिवर' सूक्ष्म और शूल शरीर से परे जो महाप्राण आदिशक्ति (जगदम्बा) है वही तो परब्रह्म स्वरुप है - वह केवल अपनी इच्छा मात्र से ही सृष्टि की रचना, पालन और संहार करने में समर्थ है। वस्तुत: वह आदिशक्ति (दुर्गा) निर्गुण स्वरूप है परन्तु उसे किसी भी रूप मे मन समय -समय पर धर्म की रक्षा और दुष्टों के विनाश के लिए साकार होना पड़ता है। इसी समय-समय पर ,पार्वती दुर्गा,काली,चंडी,सरस्वती आदि अवतार धारण किये हैं। इसी जगत जननी का सभी देव स्मरण करते हैं। वैसे भी आदिशक्ति स्वरुप दुर्गा में सभी देवताओं का कुछ न कुछ अंश शामिल है। दुर्गाशप्तशती के दूसरे अध्याय में देवी स्वरुप का वर्णन करते हुए बतलाया गया है। भगवान शंकर के तेज से उस देवी का मुख प्रकट हुआ । यमराज के तेज से मस्तक के केश,विष्णु के तेज से भुजाएं,चन्द्रमा के तेज से स्तन,इंद्रा के तेज से कमर,वरुण के तेज से जंघा,पृथ्वी के तेज से नितम्ब,ब्रह्म के तेज से चरण,सूर्य के तेज से दोनों पैरों की अंगुलियां, वसुओं के तेज से दोनों हाथों की अंगुलियां,प्रजापति के तेज से सम्पूर्ण दांत,अग्नि के तेज से दोनों नेत्र,संध्या के तेज से भौहें,वायु के तेज से कान,अन्य देवताओं के तेज से देवी के भीं- भीं अंग बने। इसी प्रकार सभी अमोघ शक्तियों से दुर्गा के रूप में एक आदिशक्ति का सृजन किया गया इसलिए यह स्वरुप सभी देवताओं के लिए स्मरणीय हो गया। जो विद्वानों के के लिए स्मरणीय हो वह लोगों के लिए विस्मरणीय भला कैसे हो सकता है। परिणामत: कलियुग में भी आज दो नवरात्रि के रूप में माँ जगदम्बा की पूजा जारी है। शारदीय और वासंतीक नवरात्र। शारदीय नवरात्र आश्विन मास में और वासंतिक नवरात्र चौत्र माह में होते हैं। यूँ तो चौत्र वर्ष प्रतिपदा से हिन्दुओं का नया संवत्सर शुरू होता है लेकिन दोनों नवरात्र का हमारी सनातन संस्कृति में समान महत्व है। शारदीय और वासंतीक नवरात्र दोनों में नौ दिन और नौ रातों तक मान जगदम्बे भगवती के नौ अलग -अलग रूपों की पूजा की जाती है। यह आज तक रहस्य बना हुआ है कि दुर्गा की पूजा सबसे पहले राम ने की या किसी और ने, लेकिन इतना तय है लंका पर चढ़ाई और रावण वध से पहले राम ने आदिशक्ति स्वरूप मानकर दुर्गा जी की पूजा की। यह स्थान भी रामेश्वरम के नाम से जाना जाता है। नवरात्र महोत्सव आसुरी शक्ति पर दैवीय शक्ति की विजय का प्रतीक है। नवरात्र में प्रथमा से लेकर नवमी तक शक्ति के 9 स्वरूपों की पूजा -अर्चना होती है। ये नौ शक्तियां बहनों का स्वरुप हैं और इन नौ शक्तियों के विभिन्न नाम रूप के कारण 'शारदीय नवरात्र' उत्सव का उल्लास देखते ही बनता है। नवरात्र की पूरे देश में विशेष धूम रहती है। इन 9 दिनों में लोगों की भक्ति भावना, आस्था और शक्ति देखते ही बनती है। दर्जा माता की नौ शक्तियों के नाम हैं- शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघटा, कुष्मांडा,स्कंदमाता, कात्यायिनी, कालरात्रि,महागौरी और सिद्धदात्री। नवरात्र में अंतिम दिन पर कन्या पूजा का विशेष महत्व है। नौ कुमारी कन्याओं को देवी स्वरुप मानकर लोग उनका विशेष पूजन भोजन,वस्त्रादि, उपहार देकर करते हैं। कन्या पूजन में दो वर्ष से लेकर 10 वर्ष तक की कन्याओं को पूजा जाता है। दस वर्ष से अधिक वर्ष की कन्याओं का पूजन वर्जित। दो वर्ष की कन्या 'कन्याकुमारी',तीन वर्ष की 'त्रिमूर्तिनी', चार वर्ष की 'कल्याणी', पांच वर्ष की 'रोहिणी',छह वर्ष की 'श्काली', सात वर्ष की 'चंडिका',आठ वर्ष की 'शम्भवी', नौ वर्ष की 'दुर्गा' और दस वर्ष की 'सुभद्रा' स्वरूपा मानी गयी है। इस साल नौ शुभ योग में नवरात्रि शुरू हो रही है। ऐसी स्थिति पिछले 400 सालों में कभी नहीं बनी। इस बार नवरात्रि का हर दिन शुभ रहेगा। 15 अक्टूबर से शुरू होने वाली नवरात्रि अखंड रहेगी। अंग्रेजी-तारीख और तिथियों का ठीक तालमेल होने से एक भी तिथि कम नहीं होगी। इस तरह पूरे नौ दिनों का शक्ति पर्व होना बहुत ही शुभ संयोग है। इस बार नवरात्र खास रहेगी क्योंकि मातारानी हाथी पर सवार होकर आएंगी। हाथी का संबंध विघ्नहर्ता गजानन गणेश जी महाराज और देवी महालक्ष्मी से भी है। इस कारण इन दिनों होने वाले कार्य फायदा देने वाला रहेंगे । इस तरह देवी का आगमन तमाम कष्टों, विघ्न बाधाओं से मुक्ति का संकेत दे रहा है। हर नवरात्रि में देवी की सवारी बदल जाती है । देवी का वाहन तो शेर ही होता है, लेकिन देवी भागवत और अन्य ग्रंथों के मुताबिक हर नवरात्रि में देवी की सवारी अलग-अलग होती है। देवी की सवारी नवरात्रि के पहले दिन से तय होती है। इस बार सोमवार को नवरात्रि शुरू होने पर देवी हाथी पर सवार होकर आएंगी, जो कि सुख-समृद्धि का संकेत है। वहीं, 23 अक्टूबर सोमवार नवरात्रि का आखिरी दिन रहेगा। इस दिन सर्वार्थसिद्धि और रवियोग बनने से देवी को विदाई भी शुभ रहेगी। 15 अक्टूबर के ग्रह- नवत्र धर्म, राख, भद्र, पर्वत, शुभकर्तरी, उभयचरी, सुमुख, गजकेसरी और पद्म नाम के योग भी बन रहे है। वहीं इस बार के शक्ति पर्व में पद्म बुधादित्य, प्रीति और आयुष्मान योग के साथ ही सर्वार्थसिद्धि 3 रवियोग और 1 त्रिपुष्कर योग रहेगा। वहीं, दशहरा अपने आप में अबूझ मुहूर्त होता है। इस तरह नवरात्र के आने वाले 9 दिन बहुत ही कल्याणकारी होने जा रहे हैं। पूरे नौ दिन सुख, समृद्धि और उल्लास से भरे रहने वाले हैं । कोई भी पर्व हो उसके पीछे मकसद होता है सुख, शांति और समृद्धि के साथ परमानन्द की प्राप्ति। नवरात्र में की गई पूजा मानव मन की मलिनता को दूर करके भगवती दुर्गा के चरणों में लीन होकर जीवन में सुख, शांति और ऐश्वर्य की समृद्धि लाती है। यज्ञ - हवन का हमारी सनातन परम्परा में बड़ा ही महत्व रहा है। इससे अनेक व्याधियों से मुक्ति होने की वैज्ञानिक पुष्टि भी होती है। शक्ति स्वरूपा नवदुर्गा का दर्शन करना मानव जीवन का लक्ष्य होना चाहिए है और इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु इन नवरात्रों में पूजन अर्चन कर विशेष प्रयास करना चाहिए। नवरात्र अर्थात शक्ति की आराधना का महापर्व है और इसे सपरिवार मनाना चाहिए जिससे सुख शांति,अर्थ ,धर्म,काम,मोक्ष का पुरुषार्थ भी सफल हो।

**-हर्षवर्धन पाण्डे**
**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं )**

# प्रदेश के 13 जिलों में 381 रिक्त पदों पर होगी महिला व पुरुष होमगार्ड भर्ती

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में जल्द ही 381 महिला और पुरुष होमगार्ड की भर्ती होगी। होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा मुख्यालय की ओर से भर्ती को लेकर शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जल्द भर्ती शुरू करने का आश्वासन दिया है। विभाग की ओर से यह भर्तियां रिक्तियों के सापेक्ष की जा रही हैं। इसमें 379 पुरुष और दो महिला होमगार्ड के पद हैं।वर्तमान में होमगार्ड आपदा यातायात कानून व्यवस्थाए गार्द ड्यूटी और कैदियों की जेल से न्यायालय में पेशी की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। लंबे समय से नई भर्ती न होने के चलते खासकर पुरुष होमगार्ड के पद 379 पद खाली हैं। इनमें जिला नैनीताल हरिद्वार और देहरादून में सबसे ज्यादा पद खाली हैं। ऐसे में सभी जिलों में रिक्त पदों को भरने के लिए विभाग ने शासन को प्रस्ताव भेज दिया है। विभाग ने 2024 में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रिक्त पदों पर भर्ती की अनुमति मांगी है। विभाग में महिला होमगार्ड के 320 पद पर भर्ती गतिमान हैं। पहले चरण में टिहरी उत्तरकाशी पौड़ी चमोली उधमसिंहनगर और बागेश्वर में भर्ती प्रक्रिया पूरी हो चुकी हैं। महिला होमगार्ड का 42 दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण जिला प्रशिक्षण केंद्र श्रीनगर गढ़वाल में प्रारंभ किया जाएगा। इसके अलावा दूसरे चरण में जनपद रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा,पिथौरागढ़ और चंपावत में भर्ती प्रक्रिया गतिमान है। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद दिसंबर से नई भर्ती शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है। 13 जिलों में होमगार्ड के रिक्त पद: नैनीताल 129 हरिद्वार 101 देहरादून 59 उधमसिंहनगर 21 पौड़ी गढ़वाल 20 उत्तरकाशी 12 रुद्रप्रयाग 09 पिथौरागढ़ 09 टिहरी 05 बागेश्वर 05 चमोली 04 चंपावत 04 अल्मोड़ा 01 पद रिक्त है। उत्तराखंड कमांडेंट जनरल होमगार्ड केवल खुराना के अनुसार विभाग में स्वीकृत संख्या के सापेक्ष करीब 381 पुरुष व महिला होमगार्ड के पद खाली हैं। महिला होमगार्ड की भर्ती लगभग पूरी हो चुकी है। पुरुष होमगार्ड के जिला देहरादून, हरिद्वार और नैनीताल में सबसे अधिक पद खाली हैं। इन पदों को भरने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। जल्द ही भर्ती प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है।

# शीतकाल के लिए चतुर्थ केदार रुद्रनाथ के कपाट बंद



रूद्रप्रयाग। चतुर्थ केदार रुद्रनाथ के कपाट आज बुधवार को शीतकाल के लिए विधि विधान से बंद कर दिए गए हैं। भगवान रुद्रनाथ के जयकारों के साथ उत्सव डोली गोपीनाथ मंदिर के लिए रवाना हो गई है।आज विधि-विधान से चतुर्थ केदार रुद्रनाथ के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। जिसके बाद उत्सव डोली गोपीनाथ मंदिर के लिए रवाना हो गई है। दो दिन हुई बर्फबारी के बाद आज कपाट बंद होने के समय अच्छी धूप खिली जिस कारण श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ा।सुबह आठ बजे विधि-विधान पूर्वक कपाट बंद किए। इस से पहले मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर ललित नारायण मिश्र भी रुद्रनाथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने भगवान रुद्रनाथ के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। बता दें कि अगले छह महीने गोपीनाथ मंदिर गोपेश्वर में भगवान रुद्रनाथ दर्शन देंगे। आपको बता दें कि चतुर्थ केदार रुद्रनाथ धाम समुद्रतल से 11808 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। रुद्रनाथ धाम की यात्रा सबसे ज्यादा दुर्गम मानी जाती है। यहां तक पहुंचने के लिए सगर गांव से लगभग 19 किमी की दूरी को पैदल तय करना पड़ता है। सगर गांव गोपेश्वर जिला मुख्यालय से तीन किमी की दूरी पर स्थित है।

# राजभवन इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम का राज्यपाल ने किया शुभारंभ

देहरादून(उद संवाददाता)। मंगलवार को राजभवन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित कार्यशाला आयोजित की गई। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने इस कार्यशाला में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने राजभवन इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम का शुभारंभ किया। यूटीयू द्वारा तैयार किए गए इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम में राजभवन देहरादून और राजभवन नैनीताल में अवस्थित चीजों(इन्वेंट्री) के लिए क्यूआर कोड तैयार किया गया है। क्यूआर कोड को स्कैन करने पर उस सामान या इन्वेंट्री की पूरी जानकारी आ जाएगी। इसमें गृह अधिष्ठान अवार्ड, आईटी सेक्शन, लाइब्रेरी, पीडब्लूडी विद्युत एवं सिविल में उपलब्ध इन्वेंट्री को शामिल किया गया है। इससे उस सामान के लाए जाने से लेकर निष्प्रयोज्य होने तक की जानकारी उपलब्ध होगी। कुलपति यूटीयू ओंकार सिंह ने इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम के बारे में प्रस्तुतीकरण दिया। इस दौरान राज्यपाल ने एक राजभवन हेतु एआई आधारित स्मार्ट ऑटोमेशन सिस्टम का भी शुभारंभ किया। इसके अंतर्गत पहले चरण में ऑनलाइन गेट पास सिस्टम, ऑनलाइन अपॉइंटमेंट तथा ई-इनविटेशन सिस्टम शुरू किया गया है। इस प्रक्रिया में राजभवन में आने वाले आगंतुक राजभवन की वेबसाइट पर जाकर कहीं से भी ऑनलाइन अप्लाई कर सकेंगे। गेट पर पहुंचते ही वहां लगा कैमरा उनकी पहचान करेगा जिसके आधार पर वे राजभवन आ सकेंगे। इसके अलावा विभिन्न राजकीय समारोह में राजभवन





में आमंत्रित किए जाने वाले महानुभावों को ई-इनविटेशन प्रेषित किया जाएगा जिसे गेट में दिखाकर वे राजभवन में प्रवेश कर सकेंगे। वरिष्ठ तकनीकी निदेशक संजय गुप्ता ने स्मार्ट ऑटोमेशन सिस्टम के बारे में प्रस्तुतिकरण दिया। कार्यशाला में एआई और रोबोटिक्स पर विषय विशेषज्ञों द्वारा उपस्थित लोगों को अपने-अपने प्रस्तुतिकरण दिए गए। इस कार्यशाला में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन उत्तराखंड विषय पर यूपीईएस के प्रो. संजीव ने अपना प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने बताया कि शिक्षण गतिविधियों में एआई का प्रयोग कर शिक्षण को और रूचिकर व सुगम बनाया जा सकता है। यूपीईएस के प्रो. प्रिया रंजन द्वारा रोबोटिक्स के प्रयोग और उसके लाभ के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में यूपीईएस के प्रो. मुत्तुकुमार, प्रो. आर एस अय्यर और डॉ पद्मा ने एआई के विकास और गवर्नेंस में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीक को अपनाना बेहद जरूरी है। तकनीक को न अपनाये जाने से हम विकास की दौड़ में पीछे रह सकते हैं। नवीन तकनीकों के माध्यम से जहां कार्यों में पारदर्शिता बढेगी वहीं व्यक्ति की जवाबदेही भी बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि एआई के माध्यम से देश और दुनिया में गति, शक्ति और प्रगति देखने को मिल रही है। यह एक ऐसा शक्तिशाली तंत्र है जिसने जीवन के हर पहलू को छुआ है। इसके माध्यम से दैनिक दिनचर्या से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं परिवहन जैसे क्षेत्र में क्रांति ला दी है। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन में आईटी और एआई के माध्यम से पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इन सिस्टम के माध्यम से डिजिटल पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि आईटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित इस एप को राजभवन से प्रारंभ किए जाने से प्रदेश के अन्य विभागों को भी इससे प्रेरणा मिलेगी। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन से इसकी शुरूआत किए जाने का उद्देश्य प्रदेश के अन्य विभागों एवं संस्थानों को एआई आधारित सिस्टम को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाना है। उन्होंने कहा कि एआई के उपयोग से कार्यकुशलता में वृद्धि के साथ-साथ निर्णय लेने की क्षमता भी और बेहतर होती है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से अनेक कार्यप्रणालियों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जा सकेगी। राज्यपाल ने यूटीयू, एनआईसी और यूपीईएस विश्वविद्यालय को सहयोग के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन ने उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के मार्ग निर्देशन में आज एआई कार्यशाला और अन्य कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपादित किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के विजन के अनुरूप राजभवन से आईटी और एआई आधारित कार्यों की शुरूआत की गई है। इस कार्यक्रम में डीजीपी अशोक कुमार, विशेष प्रमुख सचिव अभिनव कुमार, एडीजी अंशुमान सिंह, अपर सचिव स्वाति एस भदौरिया सहित विभिन्न विभागों के सचिव, विश्वविद्यालयों के कुलपति, स्टेट एनआईसी ऑफिसर आशेष अग्रवाल सहित विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राएं व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## गंगा कमेटी की बैठक में दिए नदियों को स्वच्छ रखने के निर्देश

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में नवीन कलैक्ट्रेट में जिला स्तरीय गंगा कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा पूर्व बैठकों में दिये गये निर्देशों के क्रम में किये गये कार्यों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने बैठक में निर्देश दिये कि नदी किनारे पड़ने वाले शहरी क्षेत्र व ग्राम पंचायतों द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन किया जा रहा या नहीं इसका समय-समय पर निरीक्षण किया जाय ताकि हम अपने जनपद की नदियों को स्वच्छ रख सकें। साथ ही उन्होंने जिला पंचायत के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इसकी एक सुस्पष्ट



रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि समय-समय पर कोसी नदी व सहायक नदियों के आस-पास स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किये जाय जिससे लोगों को नदियों के संरक्षण व स्वच्छता के बारे में जानकारी मिल सके। उन्होंने जिला पंचायत व खण्ड विकास अधिकारी हवालबाग को निर्देश दिये कि जिन स्थानों पर लोगों द्वारा कूड़ा फेंका जा रहा है उन्हें चिन्हित करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाय। जिलाधिकारी ने संबंधितों को निर्देश दिए कि जागेश्वर समेत सभी प्रमुख मंदिरों में चढ़ने वाले फूल प्रसाद मंदिर के बाद उद्यान विभाग को दिए जाएं, जिससे उसका समुचित प्रयोग जैविक खाद बनाने में किया जा सके। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी ध्रुव सिंह मर्तोलिया समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीडीओ ने की जिले में विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे द्वारा ग्राम्य विकास विभाग के अंतर्गत मनरेगा, विधायक निधि, जल संरक्षण, ओडीएफ आदि के कार्यों की समीक्षा बैठक सभी खंड विकास अधिकारियों एवं जिला स्तरीय रेखीय विभागीय अधिकारियों के साथ विकास भवन सभागार में की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यों को गुणवत्ता



के साथ साथ समयबद्धता से किए जाएं। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जो कार्य विभागों के माध्यम से कनवर्जेंस से किए जाने हैं, उन्हें आपसी समन्वय के साथ तेजी से करें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने आजीविका संबंधित कार्यों को प्राथमिकता एवं विशेष सक्रियता से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी कार्यों में वित्तीय एवं भौतिक प्रगति को बढ़ाने हेतु भी अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में परियोजना निदेशक पुष्पेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी एसके पंत समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## चमोली पुलिस ने बेटे का फर्ज निभाकर निराश्रित अम्मा का किया अंतिम संस्कार

चमोली(उद संवाददाता)। चमोली पुलिस ने ऐसा काम किया है जिसकी हर तरफ तारीफ हो रही है। चमोली पुलिस के जवानों ने साबित किया है कि इंसानियत का रिश्ता सभी रिश्तों से बड़ा होता है।चमोली पुलिस के जवानों ने साबित किया है कि इंसानियत का रिश्ता सभी रिश्तों से बड़ा होता है। बीते कुछ महीने से स्वास्थ्य खराब होने के कारण गोपेश्वर में चाय पत्ती बेचकर अपना गुजर- बसर करने वाली पुलिस की अम्मा पुष्पा देवी पत्नी स्वर्गीय नारायण सिंह उम्र 75 वर्ष जो उपचार हेतु जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में एडमिट थी। इनकी 14 अक्टूबर को



अस्पताल में मौत हो गई। लेकिन महिला के शव को कोई लेने नहीं आया। अनाश्रित होने के कारण महिला के शव को 72 घंटे मोर्चरी जिला चिकित्सालय फ्रीजर में रखवाया गया। जिसके बाद पुलिस द्वारा महिला के सगे-संबंधियों की जानकारी ली गई लेकिन कोई नहीं आया। जिसके बाद चमोली पुलिस ने बेटे का फर्ज निभाते हुए अम्मा के शव न सिर्फ कंधा दिया। बल्कि हिन्दू रीति-रिवाजों व पूरे विधि विधान के साथ अंतिम संस्कार कर नम आंखों से विदाई दी।

## पेज एक का शेष...

**दिवाली से पहले ...**कर्मचारी की अक्टूबर की सैलरी में 2,880 रुपये का भत्ता आएगा। 56,900 रुपये के बेसिक सैलरी वाले कर्मचारियों के लिए 42% पर वर्तमान डीए उनकी मासिक कमाई में 23,898 रुपये जोड़ता है। डीए में 46 प्रतिशत की बढ़ोतरी के बाद यह मासिक भत्ता 26,174 रुपये तक हो जाएगा।

**युवा पीड़ी को नशे...**हमें युवा पीढ़ी को नशे से दूर करने की जरूरत है ,ऐसे में बदलाव फाउंडेशन द्वारा युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से इस प्रकार का आयोजन सराहनीय है। कहा कि यह जानकर भी बेहद खुशी हुई कि इस मैच में सभी 30 वर्ष से अधिक आयु के लोग प्रतिभाग कर रहे है। कहा कि खेलों से हमारा शरीर स्वस्थ्य होता है और हम निरोगी भी बनते हैं। प्रतियोगिता में कुल 20 टीमों के मध्य क्रिकेट मैच आयोजित किए जाएंगे। जो कि देहरादून के अलग-अलग मैदानों में खेले जाएंगे। प्रतियोगिता 5 नवंबर तक चलेगी।

**दबंगो ने रंजिशन...**उसका फुफेरा भाई मनोज साहनी रंजिश रखने लगे और आये दिन परिवार को जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित का आरोप है कि बीते दिनों वह दुकान बन्द करके जब घर आ रहा था, तो रास्ते में संजीत साहनी एवं मनोज साहनी ने रास्ता रोककर हाथापाई शुरू कर दी। वह मुश्किल से अपनी जान बचाकर घर आया लेकिन दोनों पीछा करते-करते घर तक आ गये, घर के पास आते ही मनोज साहनी ने ईंट से हमला कर दिया और संजीत साहनी एवं मनोज साहनी ने मिलकर उसके पुत्र सागर साहनी के साथ भी मारपीट की। जिससे दोनों को खुली एवं गुम चोटे आई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**बाईस लाख की अफीम...**गयी है। टीम में निरीक्षक पावन स्वरूप, उपनिरीक्षक विपिन चन्द्र जोशी,जगबीर शरण,मुख्य आरक्षी मनमोहन सिंह,आरक्षी वीरेंद्र सिंह चौहान,आरक्षी अमरजीत सिंह,आरक्षी इसरार अहमद ,आरक्षी जितेंद्र आदि शामिल थे। एसएसपी ने बताया कि कुमाऊं यूनिट द्वारा वर्ष 2023 में अब तक 23 किलो 317 ग्राम चरस बरामद कर 4 अभियुक्तियों, 7 किलो 915 ग्राम अफीम बरामद कर 4 अभियुक्तों तथा 1 किलो 391 ग्राम स्मैक बरामद कर पांच अभियुक्तियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई है।

**जल संस्थान के...**भटकना पड़ रहा है। विभाग की हीलाहवाली चरम पर है। प्रदर्शनकारियों ने ट्यूबवैल को जल्द दुरूस्त कर पेयजल सप्लाई सुचारू कराने की मांग की। इस मौके पर पार्वती देबी, गंगा आर्या, रामप्यारी कश्यप, डोली कश्यप, बबिता देबी, कु.नेहा काजल आर्या आदि थे।

**जयंती और पुण्य तिथि...**स्थापना हो ऐसे कई सारे कार्य उनके द्वारा किए गए, जिनको लोग आज भी याद करते हैं। विधायक सुमित ने कहा पंडित नारायण दत्त तिवारी का पूरा जीवन गरीबों और असहायों के लिए रहा। ऐसे में कांग्रेस पार्टी उनके द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलने का संकल्प ले रही है।

## एनडी तिवारी को किया नमन

किच्छा(उद संवाददाता)।विधायक तिलक राज बेहड़ के कार्यालय पर पंडित नारायण तिवारी की जन्म तिथि व पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष बबलू चौधरी ने कहा कि पंडित नारायण दत्त तिवारी जी का योगदान उत्तराखंड में हमेशा याद रखा जाएगा। उत्तराखंड जो विकास की गंगा को आगे बढ़ा रहा है उसमें तिवारी जी का महत्वपूर्ण योगदान है। इस मौके



पर नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, कांग्रेस नगर अध्यक्ष बबलू चौधरी, कांग्रेस प्रदेश महामंत्री सुनीता कश्यप, जितेंद्र संधू, एन यू खान, धर्मेन्द्र सिंधी, दानिश मलिक, अशोक मित्रा, दुर्गेश गुप्ता, जीवन जोशी,फजील खान, इंतजार अहमद, नितिन शर्मा, शकील तुर्क, जीवन जोशी, डिम्पल सिंह, ओमप्रकाश दुआ, डिम्पल धंजू, ताहिर मलिक आदि लोग मौजूद थे।

## ई रिक्शा और स्कूटी चोरी की रिपोर्ट दर्ज

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर में वाहन चोरी का सिलसिला थम नहीं रहा है। अज्ञात चोरों ने एक ई रिक्शा और स्कूटी पर हाथ साफ कर लिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में प्रवीन सरकार पुत्र सुधीर सरकार निवासी वार्ड न0 102. नेताजी सुभाष कालौनी, ट्राजिट कैम्प ने बताया कि उसने अपना ई-रिक्शा घर के बाहर गली में खड़ा किया था। अगले दिन सुबह 5 बजे ई-रिक्शा गायब मिला। वहीं शिवनगर वार्ड नं. दो निवासी अनिकेत सागर पुत्र प्रवेश कुमार सागर ने तहरीर देकर कहा कि वह अपनी होण्डा एक्टिवा 4जी स्कूटी संख्या यूके 06एवी8499 से अपने सम्बधी जीवन जलाल के निवास स्थान निकट हनुमान मंदिर, आवास विकास, रुद्रपुर गया था। स्कूटी घर के सामने स्थित पार्क में खड़ी करके वह घर में चला गया। वापस लौटा तो स्कूटी गायब थी। पुलिस ने दोनों मामलों की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अवैध शराब के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने 39 पाउच शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। मुखविर की सूचना पर पुलिस टीम ने गोल मडैय्या राजा कालोनी के पास मैदान में विशाल पुत्र पप्पू लाल निवासी राजा कालोनी को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास थैले में 39 पाउच शराब बरामद किये गये। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह लम्बे समय से अवैध शराब बेच रहा है।

## चाकू के साथ संदिग्ध को दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।चेकिंग के दोरान पुलिस ने संदिग्ध युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है।जानकारी के मुताबिक गश्त के दौरान श्याम टाकीज रोड पर धोबीघाट मोड पर एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। जिस पर पुलिस ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अर्जुन पुत्र उज्जवल निवासी रविन्द्र नगर वार्ड न०-37 बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक चाकू बरामद किया गया। पूछताछ में उसने बतााया कि वह छोटी मोटी चोरियां करता है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# दृष्टि बाधित बालिकाओं के साथ दुष्कर्म के दोषियों को मिले मृत्यु दण्ड: शिव कुमार



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्योगपति शिवकुमार अग्रवाल ने हल्द्वानी के नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड स्कूल में दृष्टिबाधित बालिकाओं के साथ हुए अमानवीय कृत्य की कड़े शब्दों में निन्दा की हैं। एक वक्तव्य में शिव कुमार अग्रवाल ने कहा हल्द्वानी में नाबालिग दृष्टि बाधित बालिकाओं के साथ जो जघन्य अपराध हुआ है, उसकी निंदा के लिये कोई शब्द नहीं है। यह कृत्य निंदनीय एवं समाज को कलंकित करने वाला है। इस घटना के दोषियों को मृत्यु दंड मिलना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह का घृणित कृत्य करने वालों के लिए समाज में कोई जगह नही है। दोषियों को ऐसी सजा मिले कि अपराधी भविष्य में बच्चियों को बुरी नजर से देखने की हिम्मत भी ना कर सकें। श्री अग्रवाल ने कहा कि बालिकाओं का परिवार, समाज, सिस्टम, देश में 90 प्रतिशत भागीदारी के रूप में नौ स्तम्भ, नवदुर्गाओं के रूप में हैं। न्यायपालिका पर हमारा एवं समाज का पूर्ण विश्वास है कि ऐसे व्यक्तियों को सखत से सखत सजा देकर भविष्य के लिये मिसाल कायम करें। शिव कुमार अग्रवाल ने बताया कि वह इस संस्था से लम्बे समय से जुड़े हुए हैं और उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया है कि जो भी प्रबुद्धजन देश व विदेश से इस संस्था के लिये अपना सहयोग करते आ रहे हैं वह अपना सहयोग देना बरकरार रखें, क्योंकि हमारा उद्देश्य इन दृष्टि बाधित बालिकाओं की सेवा करने का है ना कि किसी व्यक्ति विशेष या संस्था के लिये। ये संस्थायें और संस्था के प्रबंधक केवल एक माध्यम मात्र हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि एक व्यक्ति के गलत काम करने से हताश ना हो और इन दृष्टि बाधित बालिकाओं के हित में अपना सहयोग बरकरार रखें। उन्होंने कविता के जरिये अपनी बात रखते हुए कहा– कबीरा तेरी झोपड़ी, गलकटियन के पास। जो करेंगे वो भरेंगे, तू क्यों भये उदास। तू रख बरकरार, तू रख बरकरार, तू रख बरकरार। दृष्टि बाधित नन्हें बच्चों को तू देना अपना प्यार।तू रख बरकरार, देना अपना प्यार।

# दो होम स्टे के काटे चालान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। क्षेत्र के स्पा सेन्टरों में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अनियमितता पाये जाने पर दो होम स्टे का 83 पुलिस एक्ट के तहत चालान किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीध्क्षक द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर उनि. दीपा भट्ट, प्रभारी एण्टी ह्यूमैन ट्रैफिकंग फोर्स के नेतृत्व में टीम द्वारा क्षेत्र के स्पा सेन्टरों मे चौकिंग की गई। थाना काठगोदाम क्षेत्र में होटल चेकिंग में दो होम स्टे श्री राम होमस्टे व नयनतारा होमस्टे के रजिस्टरों में अपूर्ण प्रविष्टियां पाई गई तथा ग्राहकों का विवरण मांगने पर प्रस्तुत न करने पर पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत होम स्टे के स्वामी देवेंद्र खत्री पुत्र स्वर्गीय त्रिलोक सिंह निवासी श्री राम होमस्टे शीश महल काठगोदाम तथा हिमांशु बोहरा पुत्र स्वर्गीय ओएस बोहरा नयनतारा होमस्टे बायपास रोड काठगोदाम के विरुद्ध पांच पांच हजार रुपये के नगद चालान किये गये।



# ऑक्सफोर्ड की छात्रा का एशियन गेम्स में चयन




रूद्रपुर(उद संवाददाता)। दा ऑक्सफोर्ड अकादमी की दसवीं की छात्रा डिंपल यादव का चयन एशियन गेम्स में 54 किलो ग्राम वर्ग में बॉक्सिंग के लिए हुआ है, जो कि राष्ट्रीय बॉक्सिंग चौम्पियनशीप में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। वर्तमान में डिंपल यादव पटियाला एनएसएनआईएस नेशनल कैम्प में भागीदारी कर रही हैं, जो कि 21 अक्टूबर से 4 नवम्बर तक चलेगा उसके बाद डिंपल यादव येरेवान अरमेनिया देश में 21 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक आयोजित की जाने वाली एशियन गैम्स चैम्पियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। इससे पहले भी डिपंल यादव जिला स्तर, प्रदेश स्तर तथा राष्ट्रीय स्तर पर बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुकी हैं।डिंपल यादव की इस उपलब्धि पर उसके कोच चन्द्र कुमार जोशी, माता–पिता तथा ऑक्सफोर्ड परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। डिंपल ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने कोच , माता–पिता तथा विद्यालय के अपने गुरूजनों को दिया है तथा पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर प्रबन्ध समिति से सभी सदस्य रोहताश बत्रा, विकास बत्रा,वैभव बत्रा,अमित जिन्दल,सुरेन्द्र मिढा, मितीका,प्रीति पपनेजा व विद्यालय प्रधानाचार्य के एस नेगी ने डिंपल यादव को बहुत बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अवैध खनन में 16 टायरा डंपर सीज



शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। वन अपराध नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत वन सुरक्षा दल उप खनिज बजरी का अवैध परिवहन करने पर एक 16 टायरा डंपर सीज कर दिया। प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी एवं उप प्रभागीय वनाधिकारी के दिशा निर्देशन में वन अपराध नियत्रंण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत वन सुरक्षा दल को सूचना मिली कि किच्छा मार्ग से 16 टायरा डंपर में बजरी अवैध रूप से बिना रायल्टी के चोरी कर ले जाया जा रहा है। सूचना पर वन सुरक्षा दल की टीम ने उक्त वाहन संख्या यूके 25सीटी 4797 को रोकने का इशारा किया।जिस पर वाहन चालक मार्ग के विपरीत दिशा में वाहन को खड़ा करके भाग गया। वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में लगभग 550 कुंटल बजरी लदी पायी। बजरी से संबंधित आवश्यक कोई भी वैध प्रपत्र वाहन में नहीं मिले जिस पर वाहन को टीम द्वारा अपनी अभिरक्षा में लेकर विभागीय संसाधनों की सहायता से अग्रीम विधिक कार्यवाही हेतू बाराकोली रेंज के शक्तिफार्म वन परिसर में सुरक्षित खड़ा कर दिया। टीम में निर्मल रावत वन दरोगा,सोनू कुमार वन आरक्षी, नरेंद्र पाण्डेय वन आरक्षी, चंदन सिंह मौजूद थे।

